हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–77 : जौनपुर, गुरुवार 17 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर छिड़काव हेतु मांगा 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल

लखनऊ ब्यूरो : डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राशन की दुकानों पर केरोसिन वितरण की मांग तेजी से उठ रही है। उधर खाद्य एवं रसद विभाग ने कहा है कि उसके पास केवल बचा हुआ और रिजर्व में रखा स्टॉक ही है। इस पर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल मांगा है। इस समय मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। खास तौर पर डेंगू और मलेरिया से लोग परेशान हैं। ऐसे में लोगों को मच्छर और उसका लार्वा मारने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग भी कह रहा है कि यदि घर के आसपास जहां भी पानी जमा देखें वहां केरोसिन यानी मिट्टी का तेल छिड़क दें। इस मौसम में कूलर के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए। केरोसिन मच्छर और इसके लार्वा दोनों को ही मार डालता है। चूंकि अब राशन की दुकानों पर मिट्टी का तेल मिलना बंद हो गया है तो लोग मांग कर रहे हैं कि इसका वितरण फिर से शुरू किया जाए। उधर राशन विक्रेता भी इस बाबत दिल्ली तक जाकर मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि इस सीजन में मिट्टी का तेल बंटना चाहिए। केंद्र सरकार को इसकी मंजूरी देते हुए



कोटा जारी करना चाहिए। उधर, खाद्य एवं रसद विभाग रिजर्व में रखे केरोसिन को बेचने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2021 का बचा हुआ केरोसिन भी कुछ जिलों में ही रखा है। इसे भी बेचा जाएगा लेकिन केवल मलेरिया विभाग को। वह भी व्यावसायिक दर पर। ऐसे में आम लोगों को इसका कोई खास लाभ होने वाला नहीं है। मलेरिया विभाग इसमें पैराथम मिलाकर छिड़काव करता है। अब खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव दिव्य प्रकाश ने पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय को पत्र लिखकर 55 हजार लीटर मिट्टी का तेल उपलब्ध कराने को कहा है।

## मिड–डे मील : बच्चों के अभिभावकों के खाते में सीधे नहीं जा रही धनराशि

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं मिड डे मील को–ऑर्डिनेटर्स की उदासीनता के कारण मध्यान्ह भोजन योजना राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की अवैध कमाई का जरिया बन गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के एक से लेकर आठ तक एवं राजकीय और माध्यमिक स्कूलों के कक्षा 06 से 08 के ब'चों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएम पोषण( मध्याह्न भोजन योजना) के तहत दोपहर को स्कूलों में मिड डे मील दिया जाता है। रविवार व सार्वजनिक अवकाश के अलावा ग्रीष्मकालीन अवकाश छोड़कर भोजन दिया जाता है। मिड डे मील की परिवर्तन लागत की धनराशि उ'च प्राथमिक(जूनियर) स्तर के प्रति छात्र को 901 रुपये दिए जाएंगे। यह धनराशि ङ्क्षसगल नोडल अकाउंट माडयूल के माध्यम से छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय स्तर पर संचालित मध्याह्न भोजन निधि बैंक खाते से निजी बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर(डीबीटी) के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा। सरकार बच्चों को दोपहर का भोजन मुहैया करा रही है। परंतु असलियत तो यह है कि अन्य सरकारी योजनाओं की तरह मिड डे मील (एमडीएम) योजना भी भ्रष्टाचार की शिकार है। प्रधानाचार्यों के भ्रष्टाचार के बाद बच्चों को कैसा भोजन मिलता होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। मिड डे मील योजना से बच्चों की जगह बिचौलिए हृष्ट पुष्ट हो रहे हैं। पूरी की पूरी योजना एक बड़े गोलमाल की भेंट चढ़ गई है। हद तो यह है कि इण्टर कालेजों के प्रधानाचार्यों के हाथ भी एमडीएम के गोलमाल में रंगे हुए हैं। विगत वर्षों में मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत खाना खाने से बीमार होने के दर्जनों मामले सामने आए और इनमें से अधिकांश मामले इण्टर कालेजों के कक्षा 06 से कक्षा 08 के बच्चों से जुड़े थे लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक इन इण्टर कालेजों के प्रधानाचार्यों पर इस हद तक मेहरबान रहे हैं कि राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त इण्टर कालेजों में बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक जांच करना भी जरूरी नहीं समझते। इसके अलावा जिम्मेदार पर्याप्त धनराशि मिलने के बाद भी भ्रष्टाचार करने से नहीं चूक रहे हैं। इस कारण बच्चे घटिया खाना खाने से बीमार पड़ रहे हैं। एमडीएम में भ्रष्टाचार के कारण आईवीआरएस सिस्टम के भी फूल रहे हाथ पांव। एमडीएम के आंकड़ों की बाजीगरी को रोकने के लिए आईवीआरएस (इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम) की शुरुआत की गई। इस दैनिक अनुश्रवण प्रणाली का मकसद प्रदेश के प्राथमिक और



उच्च प्राथमिक स्कूलों एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन एमडीएम ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या की सही जानकारी हासिल करना था। टेक्नॉलॉजी के आधार पर कंप्यूटर और मोबाइल फोन के इंटरफेस के आधार पर इस प्रणाली से हर कार्य दिवस पर स्कूल के प्रधानाध्यापक, अध्यापक और शिक्षामित्र का मोबाइल नंबर जुड़ा रहता है, जिससे ऑटोमेटिक कॉल इनके नंबर जाती है और एमडीएम ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या पूछी जाती है। इसके उत्तर में मोबाइल से अंक टाइप करके उत्तर देना होता है। खाना न बनने की स्थिति में शून्य दबाकर उत्तर देना होता है। इस सिस्टम से जनपदवार एक रियल टाइम रिपोर्ट बनाई जाती है। लेकिन अब भ्रष्टाचार के चलते इस व्यवस्था के भी हाथ पांव फूलने लगे हैं। इसके चलते अब बेसिक शिक्षा विभाग पंजीकृत स्टूडेंट्स का आधार नंबर दर्ज करने की व्यवस्था करने जा रहा है। मध्यान्ह भोजन में आईवीआरएस सिस्टम को बैकअप देने के उद्देश्य से बेसिक एवं माध्यमिक स्कूलों के बच्चों को आधार के जरिए जोड़ने का जिम्मा यूपी डेस्को को दिया गया लेकिन सॉफ्टवेयर की तकनीकी दिक्कतों के कारण अभी इस योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। सरकार की ओर से सरकारी स्कूल में सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन दिया जाता है ताकि स्कूल में बच्चे रोजाना आयें और उन्हें पर्याप्त पोषण मिलता रहे। इसकी के लिए सरकार ने मिड डे मील योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत सरकार बच्चों को शिक्षा के साथ ही स्वास्थ और पोषित बनाना चाहती है।बच्चों को मैन्यू के हिसाब से रोजाना खाना दिए जाने का प्रावधान है। इसमें फल व दूध भी शामिल होता है। अधिकांश स्कूलों में फल और दूध नहीं दिया जाता है। तहरी भी घटिया स्तर की बनाई जाती है। खराब घटिया भोजन के कारण प्रायः बच्चे उसे खाने से मना कर देते हैं। कभी–कभी ऐसी स्थिति आती है कि मिड डे मील कालेजों में बनता ही नहीं है। जबकि स्कूल कालेजों को भुगतान सरकार की ओर से निर्धारित दर पर किया जाता है। परंतु भ्रष्ट राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने एमडीएम को अपनी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है।फलस्वरूप पिछले वर्षों की डी बी टी राशि 901 रुपए अभी तक इण्टर कालेजों के प्रधानाचार्यों ने अभिभावकों के खातों में नहीं भेजी है।मध्यान्ह भोजन योजना प्राधिकरण भी किम कर्तव्य विमूढ़ बना हुआ है।

## पुलिस कमिश्नर ने बीएचयू में वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया : तमिल संगमम के लिए काशी तैयार

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में काशी तमिल संगमम की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। 19 नवंबर को पीएम मोदी वाराणसी आएंगे और काशी तमिल संगमम का उद्घाटन करेंगे। वाराणसी पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश ने आज अपनी टीम के साथ वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। बीएचयू में कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। आज शाम पांच बजे ट्रैफिक ऑडिटोरियम में ब्रीफिंग भी की जाएगी। बता दें कि, पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा अभेद होगी। बाबतपुर एयरपोर्ट से लेकर बीएचयू स्थित कार्यक्रम स्थल पर कड़ी सुरक्षा होगी। बुधवार को एयरपोर्ट पर एडवांस सिक्योरिटी लाइजनिंग (एएसएल) एसपीजी अधिकारियों ने सुरक्षा का खाका खींचा। एयरपोर्ट परिसर का एसपीजी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। एसपीजी ने संबंधित अधिकारियों को खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 नवंबर को एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां से सेना के हेलीकॉप्टर से बरेका या बीएचयू हेलीपैड पहुंचेंगे। हालांकि सड़क मार्ग के विकल्प को भी लेकर एसपीजी अधिकारियों ने मंथन किया। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट एसपीजी के साथ ही केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए शुक्रवार से ही कैंपस को एसपीजी ने कब्जे में ले लिया है। बीएचयू के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर कड़ी निगरानी रहेगी। वहीं, बाहरियों के प्रवेश पर प्रतिबंध भी रहेगा। गुरुवार को बीएचयू प्रशासन और कमिश्नरेट पुलिस संग भी एसपीजी अधिकारियों की बैठक होगी। वाराणसी जिले में निषेधाज्ञा लागू : पुलिस आयुक्त वाराणसी जिले में निषेधाज्ञा लागू हो गई है। पुलिस



आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि बगैर अनुमति कोई भी जुलूस, धरना या किसी भी तरह के आयोजन पर प्रतिबंधित होगा। बगैर अनुमति आयोजन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त के अनुसार काशी में वीवीआईपी दौरे को लेकर जल्द ही ट्रैफिक रूट डायवर्जन और एडवाइजरी जारी होगी। तमिल संगमम की तैयारियां बीएचयू में जोरों पर रामेश्वरम से आ रही ट्रेन में सबसे पहले तमिलनाडु के छात्रों का दल वाराणसी पहुंचेगा। सुबह ही आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद उन्हें काशी और तमिलनाडु के संबंधों पर आधारित कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। दोपहर करीब दो बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान पर पहुंचेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर काशी–तमिल संगमम का विधिवत उद्घाटन करेंगे। एक महीने तक चलने वाले तमिल संगमम के दौरान बीएचयू के एंफीथिएटर मैदान में उत्तर और दक्षिण भारत का मिलन होगा। यहां आने वालों को न केवल दोनों जगहों की कला, संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा बल्कि यहां के शैक्षणिक, ग्रामीण परिवेश आदि के बारे में भी जान सकेंगे। एंफीथिएटर मैदान में बनने वाले स्टॉल पर इसकी झलक दिखाई देगी। काशी में होने वाले तमिल संगमम की तैयारियां बीएचयू में जोरों पर चल रही हैं। वैसे तो आयोजन गंगा घाट, टीएफसी बड़ालालपुर सहित अन्य जगहों पर होंगे लेकिन बीएचयू परिसर में ही मुख्य आयोजन कराए जाने हैं। इसके लिए एंफीथिएटर मैदान सजने लगा है।

## बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के सयोंजक कवि शर्मा व सुरेका दिल्ली में हुये सम्मानित

देश की उपासना दिल्ली ब्यूरो : बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के सफलतापूर्वक चार साल पूर्ण होने पर अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा व टीम के सक्रिय सदस्य अनमोल सुरेका कों विश्व हिन्दू परिषद दिल्ली की ओर से सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए अभियान के सह–सयोंजक आकाश झुरिया ने बताया कि अभियान के सयोंजक कवि हरीश शर्मा एवं सक्रिय सदस्य अनमोल सुरेका को दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रमुख इंद्रजीत सिंह सिद्धू द्वारा सम्मानित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रमुख इंद्रजीत सिंह सिद्धू ने कहा कि बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान लगातार सामाजिक कार्यो में अग्रणी एवं सक्रिय रूप से कार्य कर रहा हैं। अभियान द्वारा कोरोना काल मे किये गये सराहनीय कार्य ने समाज मे मानवता की एक नई मिशाल पेश की हैं। अभियान के सयोंजक कवि शर्मा व सुरेका ने विश्व हिंदू परिषद के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रमुख इंद्रजीत सिंह द्वारा दिये गये मान–सम्मान को लेकर दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त



किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद कों लेकर भी चर्चा की गईं। अंत में विश्व हिन्दू परिषद के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रमुख इंद्रजीत सिंह सिद्धू के द्वारा अभियान पर आधारित मेरा हीरो पार्ट–4 के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस दौरान अभियान के संयोजक कवि शर्मा, अनमोल सुरेका, रौनक शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रात में घर के बाहर टहलने का विरोध करने पर बदमाशों ने अधिवक्ता को मारी गोली : हालत गंभीर

बहराइच ब्यूरो : बहराइच शहर के दरगाह थाना के मोहल्ला बक्शीपुरा नई बस्ती निवासी अधिवक्ता को बुधवार की देर रात बदमाशों ने गोली मार दी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला बक्शीपुरा नई बस्ती निवासी अशोक कुमार मिश्र कलेक्ट्रेट में अधिवक्ता हैं। बुधवार रात अधिवक्ता लघुशंका के लिए उठे। इसी दौरान घर के सामने कुछ लोग टहल रहे थे। अधिवक्ता ने रात में टहलने का विरोध किया। कारण पूछा, इस पर बदमाश नाराज हो गया। उसने अधिवक्ता पर



असलहा से फायरिंग कर दी। जिससे अधिवक्ता मौके पर ही गिर गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग उठे। सभी ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर वकील को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी होने पर सीओ सिटी जंग बहादुर यादव, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, बार काउंसिल के महामंत्री पुष्पांजलि मिश्रा समेत अन्य पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## टीकाकरण में सहयोग देने वाले जनपद के 50 प्रभावशाली लोगों का हुआ सम्मान

जौनपुर सू.वि. : नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक सहयोगियों/प्रभावशाली लोगों के लिए गुरुवार को जनपद स्तरीय अभिमुखीकरण हुआ। इसमें भ्रांतियों के कारण नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों के अभिभावकों को समझाकर शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने में सहयोग देने वाले समाज के 50 प्रभावशाली लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह, उपजिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डिप्टी



डीआईओ) डॉ डीके सिंह, संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) के रीजनल समन्वयक प्रदीप विश्वकर्मा, जिला मोबलाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप कौर और बलवंत सिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनीसेफ और स्वास्थ्य विभाग की ओर से हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर कर शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने में सहयोग करने का प्रयास करने के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रशंसा की। साथ समुदाय के उन प्रभावशाली लोगों का भी आभार जताया जिन्होंने किसी गलत धारणा के वशीभूत होकर टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीकाकरण के पक्ष में तैयार करवाने में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इसी तरह से सभी के प्रयास के चलते आज देश से पोलियो का पूरी तरह से उन्मूलन हो गया है। ऐसे ही हेपेटाइटिस का टीका लगा जाए तो बच्चे की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत हो जाए। जिलाधिकारी कहा कि आज हम बहुत ही दूषित वातावरण में जी रहे हैं। अक्सर नए–नए वायरस स्वास्थ्य के लिए चुनौतियां पैदा कर रहे हैं। बच्चों को समय से सारे टीके लग जाएंगे तो उनका भविष्य स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से मुक्त रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कहा कि कोई भी बड़ा लक्ष्य बिना समाज के हर लोगों को साथ लिए पूरा नहीं किया जा सकता है। समाज में फैली बीमारियों पर आप सबके सहयोग से विजय पाई जा सकती है। इस वर्ष 50 लोग जुड़े। आगे और 50 लोग। ऐसे हमारी ताकत बढ़ती रहेगी और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हरा सकेंगे। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने समाज के प्रभावशाली लोगों से टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीकाकरण के पक्ष में तैयार करवाने के लिए सहयोग मांगा जिससे कि शत–प्रतिशत टीकाकरण की राह आसान हो और समाज जटिलताओं से भरी बीमारियों से मुक्त रहे। यूनीसेफ के रीजनल कोआर्डिनेशन (आरसी) प्रदीप विश्वकर्मा ने कोविड वायरस पर विजय पाने में टीकाकरण की भूमिका बताते हुए यह जताने का प्रयास किया कि उस समय लोगों की जान बचाने में टीकाकरण की भूमिका लोग देख चुके हैं। तब लोग टीका लगवाने के लिए माध्यम की तलाश कर रहे थे। यदि बच्चे के जन्म से लेकर पांच साल तक यदि सात टीके लग जाएं तो बच्चे की बुनियाद मजबूत हो जाएगी और 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान जनपद के संभ्रांत तथा प्रभावशाली लोगों डॉ कमर अब्बास, डॉ संजय उपाध्याय, सेराज अहमद आदि ने टीकाकरण में आने वाली चुनौतियों तथा उनके द्वारा लिए गए सहयोग के बारे में जानकारी दी। संचालन यूनीसेफ के जिला मोबलाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप कौर और बलवंत सिंह ने किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जहां अभिमान होता है वहां अपमान की फीलिंग जरुर आती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# चीन का नया मोहरा है तुर्किये

चीन की सरपरस्ती में तुर्किये और पाकिस्तान विश्व मंच पर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, जैसा कि कश्मीर पर उनके इसी तरह के बयानों से देखा गया है। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में तुर्किये के राष्ट्रपति अर्दोआन द्वारा कश्मीर पर विचार करने की बात पर पलटवार किया था।

वैश्विक परिदृश्य पर क्या चीन अपने धनबल का प्रयोग कर भारत को राजनयिक दृष्टि से अलग–थलग करने की कोशिशों में लगा हुआ है? यह प्रश्न फिलहाल राजनयिक गलियारों में बड़ी तेजी से घूम रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार, चीन के साथ भारत का सीमा संघर्ष पश्चिम एशिया में दो एशियाई शक्तियों के बीच व्यापक टकराव में फैल रहा है। मसलन, पश्चिम एशिया की एक और क्षेत्रीय शक्ति और खास क्षेत्रीय खिलाड़ी तुर्किये के साथ भारत के संबंध कश्मीर पर पाकिस्तान का पक्ष लेने के कारण खराब हो गए हैं।

कश्मीर में भारत विरोधी प्रभाव अभियानों को बढ़ावा देने में एक और दुबई बनने के बाद तुर्किये जल्द ही भारतीय रणनीतिकारों के लिए एक और सिरदर्द पैदा कर सकता है। कश्मीर पर एक–दूसरे के साथ मतभेद होने के अलावा, तुर्किये और भारत अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच संघर्ष में विपरीत पक्षों का समर्थन कर रहे हैं। तुर्किये और पाकिस्तान विश्व मंच पर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, जैसा कि कश्मीर पर उनके इसी तरह के बयानों से देखा गया है। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति अर्दोआन द्वारा कश्मीर पर विचार करने की बात पर पलटवार किया था।

दूसरी ओर हाल ही के महीनों में चीन के साथ तुर्किये के संबंधों में सुधार हुआ है। कोविड–19 महामारी के कारण आसमान छूते बजट घाटे के कारण तुर्किये निवेश और विदेशी मुद्रा भंडार के लिए चीन की ओर रुख कर रहा है। जून में तुर्किये ने 2019 में हस्ताक्षरित एक करोड़ डॉलर मुद्रा स्वैप व्यवस्था के तहत चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा दी गई 40 करोड़ डॉलर की वित्त पोषण सुविधा का उपयोग किया। तुर्किये ट्रांस–यूरेशियन कनेक्टिविटी के लिए बिल्डिंग ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की महत्वाकांक्षा के एक केंद्रीय घटक के रूप में भी नजर आ रहा है, जो परिवहन, रसद, ऊर्जा और दूरसंचार क्षेत्रों में बड़े चीनी निवेश को आकर्षित कर रहा है।

इसके अलावा चीन अपने शिनजियांग क्षेत्र के मूल निवासी तुर्क मुस्लिम उइगरों के लिए अंकारा के समर्थन को बेअसर करने में सफल रहा है। हाल के महीनों में तुर्किये में उइगर शरणार्थियों ने तुर्किये के अधिकारियों द्वारा बढ़ते उत्पीड़न का सामना करने की सूचना दी है। चीन के साथ भारत के बदलते भू–राजनीतिक समीकरण नई दिल्ली के लिए न केवल हिंद–प्रशांत क्षेत्र में– जिसे एशिया प्रशांत भी कहा जाता है– बल्कि पश्चिम एशिया में भी अमेरिका के साथ अधिक निकटता से गठबंधन करने की आवश्यकता को रखांकित करते हैं। नई दिल्ली को चीन के खिलाफ अपने संघर्ष में इच्छुक क्षेत्रीय भागीदारों को खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया में भारत की हालिया परेशानियां कम से कम कुछ हद तक पूरे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से उपजी हैं। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (एईआई) के चाइना ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रैकर के अनुसार 2005 और 2019 के बीच चीन ने पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका में 5,500 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश किया। एडडेटा रिसर्च लैब के आंकड़ों के अनुसार, 2004 और 2014 के बीच चीन ने इस क्षेत्र में लगभग 4,280 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता दी। क्षेत्र के कई देशों के लिए चीन उनका शीर्ष व्यापारिक भागीदार है और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख स्रोत है।

बात सिर्फ तुर्किये तक ही सीमित नहीं है। ईरान पर भी नजर रखना जरूरी है। यह संकेत इस बात से मिलता है कि चीन के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का ढोल पीटते हुए ईरान ने चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान से जोड़ने वाली एक रेलवे परियोजना में भारत की संभावित भूमिका को स्पष्ट रूप से रद्द कर दिया है। ईरान एक ऐसा क्षेत्रीय खिलाड़ी है, जहां भारत का प्रभाव चीन के पक्ष में घटता नजर आ रहा है। चीन के साथ ईरान की व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते की खबर जनता के सामने जाहिर होने के कुछ दिनों बाद ही ईरान ने एक रेलवे लिंक के निर्माण की पहल की।

यह लिंक ईरान के चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान के जेरंज प्रांत से जोड़ती है। इससे भारत को परियोजना में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए जाने की बची–खुची उम्मीद भी जाती रही। यहां यह जानना जरूरी है कि भारत ने चाबहार बंदरगाह को रणनीतिक संपत्ति के रूप में पेश किया है, जहां उसने 10 साल की अवधि में 15 करोड़ डॉलर तक का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है, जो अन्य बातों के अलावा, हिंद–प्रशांत में चीन की 'मोतियों की माला' को टक्कर देने और ग्वादर में पाकिस्तान के चीन निर्मित बंदरगाह के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगा।

गौरतलब है कि चाबहार बंदरगाह ग्वादर से महज 200 किलोमीटर की दूरी पर है। तेहरान के इस कदम के वास्तविक कारण को नई दिल्ली में राजनयिक विशेषज्ञों ने ईरान पर चीन के बढ़ते प्रभाव से निरूपित किया। उनका कहना है कि चीन ने चुपचाप काम करते हुए उन्हें एक बेहतर सौदे की पेशकश की। सितंबर, 2019 के बाद से तुर्किये ने चीन के प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान और मलयेशिया के साथ मिलकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के भारत के फैसले की निंदा की है।

भारत ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के मौके पर अंकारा के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों के साथ कूटनीतिक रूप से बातचीत करके तुर्किये से नौसैनिक जहाजों की खरीद के लिए 232 करोड़ डॉलर के अनुबंध को रद्द कर दिया था और तुर्किये के प्रतिद्वंद्वी आर्मीनिया को सैन्य रडार के साथ आपूर्ति करने के लिए चार करोड़ डॉलर की बोली हासिल की थी। जैसा कि अमेरिका के अनुभव से पता चलता है, नई दिल्ली को पश्चिम एशिया में चीन के साथ अपने व्यापक टकराव में इच्छुक भागीदारों को खोजने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

उनके शीर्ष सुरक्षा साझेदार होने के बावजूद वाशिंगटन ने इस्राइल और खाड़ी राजशाही को चीन से दूर रहने से रोकने के लिए संघर्ष किया है, जिसे वे निवेश, प्रौद्योगिकी और हथियारों के क्षेत्रों में एक आकर्षक भागीदार के रूप में देखते हैं। यद्यपि भारत के इस्राइल और खाड़ी राजतंत्रों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं– और 2014 में मोदी के पदभार संभालने के बाद से संबंधों में काफी सुधार हुआ है –यह चीन के साथ अधिक सहयोग के लिए उनकी भूख को रोकने में अमेरिका की तुलना में अधिक सफल साबित होने की संभावना नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एआईजी स्टांप की अध्यक्षता में सब रजिस्ट्रार कार्यालय जौनपुर में आयकर के धारा 194 एलए का सेमिनार किया गया आयोजित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कल दिनांक 16 नवम्बर को aig स्टाम्प की अध्यक्षता में सब रजिस्ट्रार कार्यालय जौनपुर में आयकर के धारा 194 L A का सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आयकर अधिकारी (टीडीएस) श्री सुनील श्रीवास्तव ने सम्पति के अंतरण में इस धारा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मौके पर मौजूद जनपद जौनपुर के सभी सब रजिस्ट्रार को इसके महत्व के बारे में बताया। इस सेमिनार में पह स्टाम्प के साथ ही सभी सब




रजिस्ट्रार एवं उनके कर्मी उपस्थित रहे।

## जेड0आर0यू0सी0सी0 पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को दिये गये 20 सूत्रीय सुझाव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे एवं देवीपाटन मण्डल के अन्तर्गत गोण्डा जं0 से सम्बन्धित जन समस्याओं के निराकरण हेतु महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे को 20 सूत्रीय सुझाव बैठक में दिया गया। जेड0आर0यू0सी0सी0 पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को दिये गये 20 सूत्रीय सुझाव में देवीपाटन मण्डल के लाखों जनमानस की सुविधा हेतु सरयू साकेत एक्सप्रेस जो मनकापुर से प्रयागराज एवं प्रयागराज से मनकापुर तक आती जाती है उसका विस्तार गोण्डा जंक्शन तक किये जाने, बहराइच से वाराणसी एवं वाराणसी जंक्शन से बहराइच वाया गोण्डा तक आने जाने वाली इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शिवदयालगंज कटरा करते हुए अविलम्ब संचालन शुरू किये जाने, गोण्डा से कानपुर तक वाया बाराबंकी, लखनऊ मेमो/पैसेन्जर ट्रेन का संचालन अविलम्ब शुरू किये जाने, गोण्डा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोण्डा तक एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू किये जाने, 12569/12570 इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव इटियाथोक, जरवल रोड एवं बुढ़वल जंक्शन पर किये जाने, गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के नाम किये जाने, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु बाघ एक्सप्रेस एवं आम्रपाली एक्सप्रेसध्मेल का ठहराव गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन पर करने, मैलानी जं0 से लखनऊ जं0 के बीच रेल यात्रियों की सुविधा हेतु इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू कराये जाने, 15009/15010 का ठहराव यात्रियों की सुविधा हेतु मोहीबुल्लापुर रेलवे स्टेशन पर किये जाने, गोण्डा जंक्शन परिसर में रेलवे की खाली पड़ी जमीनों पर अविलम्ब अतिक्रमण हटाने एवं रेलवे आवासों में निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने, गोण्डा जंक्शन पर पुराने माल गोदाम पर चल रहे यात्री प्लेटफार्म



का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए, मनकापुर जंक्शन स्टेशन पर बाघ, अमरनाथ एवं गोरखधाम एक्सप्रेस का ठहराव किया जाये, लखनऊ मण्डल कार्यालय में 3–3 अपर मण्डल रेल प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं। इनमें से एक अपर मण्डल रेल प्रबन्धक को स्थानान्तरित करके गोण्डा में नियुक्त किया जाये, गोण्डा रेलवे चिकित्सालय में डाक्टरों एवं दवाइयों का अभाव है। रेल कर्मचारियों की सुविधा हेतु डाक्टरों की नियुक्ति करते हुए रेल द्वारा निर्धारित अच्छी कम्पनी की दवाईयां उपलब्ध करायी जायें, रेल आवासों की खराब स्थिति के कारण कई घटनाएं घट रही हैं कहीं छत गिर गई है तो कई मकानों पर दीवारों पर दरार आ गयी है। रेलवे कर्मचारियों के लिए निर्मित लगभग 1700 आवासीय स्थल एवं सड़क स्थानीय निर्माण, इंजीनियरिंग एवं प्रकाश विभाग में कार्यरत उदासीन रेल अधिकारियों एवं वर्षों से तैनात कर्मचारियों की उदासीनता के कारण जर्जर एवं खराब स्थिति में हो गये हैं इस कार्यवाही किये जाने, गोण्डा, करनैलगंज, इटियाथोक, बभनान, मसकनवा, मनकापुर समेत कई स्थानों पर रेलवे की जमीनों एवं कालोनियों पर बाहरी व्यक्तियों का कब्जा है। कब्जेदारों को हटाकर व्यवसायिक केन्द्र बनाकर सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के आश्रितों को आवंटित किये जाने, करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर साप्ताहिक गाड़ी संख्या–11112/11111 सुसाशन एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने, पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन की ओर आने जाने वाली सभी जर्जर सड़कों को सही किये जाने, गोण्डा जंक्शन रेलवे परिक्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था शून्य है। रेलवे प्रकाश विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कार्य के प्रति गम्भीर नहीं हैं। जिससे आमजनमानस को समय–समय पर असुविधा होने के साथ–साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकने, गोण्डा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 4, 5 की ओर एक यात्री टिकट सेवा केन्द्र स्थापित किये जाने समेत अन्य कई सुझाव देकर महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर सहित सम्बन्धित जोनल एवं मण्डल के रेलवे अधिकारियों को आहूत बैठक में अवगत कराया। उप महाप्रबन्धक के. सी. सिंह द्वारा बैठक का सफल संचालन करते हुये आभार प्रकट किया। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महाप्रबंधक को सभी सुझाव से अवगत कराते हुए अविलम्ब निराकरण एवं कार्यवाही किये जाने हेतु आग्रह किया है।

## गरीबो के गिराये गये मकान का मामला विधान सभा मे उठाया जायेगा –लाल बहादुर यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पुर्वी फाटक 51 बी पर पुलिस की मौजूदगी मे रेलवे द्वारा ढहाये गये अतिक्रमण की सूचना मिलने पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव मौके पर पहुचे और शासन प्रशासन पर जबरजस्ती मकान ढहाने का आरोप लगाया उनका कहना है की यह मुद्दा बिधान सभा मे उठाया जायेगा। बता दे बुधवार को जंघई स्टेशन के पुर्वी रेलवे फाटक 51बी के पास रेलवे की जमीन पर पडने वाले मकानो को जेसीबी से ढहा दिया गया था जिस पर ग्रामीणो ने आरोप लगाया था कि रेलवे किसानों की जमीन को अपना बता रही है इसी विरोध को देखते हुए रेलवे ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अतिक्रमण ढहाने का काम शुरु किया था मीरगंज थानाध्यक्ष मय फोर्स जीआरपी आरपीएफ पीएससी की मौजूदगी मे मकानो को जेसीबी से ढहाया गया था महिलाओं ने विरोध शुरु किया तो ढहाने का काम कुछ देर के लिए बंद हो गया था इस बीच तहसीलदार मछलीशहर सुदर्शन राम से लोग दो दिन की मोहलत मागते रहे पर प्रसाशन ने एक नही सुनी और मकान ढहा दिये गये। रेलवे की कार्यवाही मे राकेश गौड महेश गौड रमेश गौड उमेश गौड कन्हैया गौड अवधेश गौड पन्ना लाल गौड सुरेन्द्र यादव सेवक यादव के मकान ढहा दिया गया था इसकी जानकारी मिलने गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव मौके पर पहुचे और शासन प्रसासन पर जबरी गरिबो का मकान ढहाने का आरोप लगाया उनका कहना था की 11 दिसम्बर तक नोटिस दिया गया था उसके पहले मकानो को ढहा कर सरकार ने गरीबो को बेघर कर दिया। इनका मामला हमारे मुगराबादशापुर व मछलीशहर के बिधायक बिधान सभा में उठायेगे।

## दबंगो ने पिता पुत्र तथा माँ को पीटकर किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र के शघंईपुर (बाबा बाजार) गांव में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने पिता पुत्र तथा माँ को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गयी है। उक्त गांव निवासी अरविंद चौहान का पुत्र प्रद्युम्न चौहान अपने खेत मे पानी दे रहा था।उसी समय गांव के पांच युवक वहां पहुंच गए।उन लोगो ने बिना कारण ही प्रद्युम्न को मारना पीटना शुरू कर दिया।वह शोर मचाते हुए घर की तरफ भागा।आवाज सुनकर उसकी माँ पुष्पा चौहान पिता अरविंद भी वहां पहुंच गए।उक्त पांचों लोगों ने तीनों को जमकर पीटा।पुष्पा तथा अरविंद का सिर फट गया।एम्बुलेंस से सभी घायल नेहरूनगर सामुदायिक केंद्र गए।जहां सभी का उपचार किया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष जलालपुर जीतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित रात को आया था। तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख कर मेडिकल कराया जा रहा है।

## अपना दल कमेरावादी पार्टी नें निकाय चुनाव लड़ने का लिया निर्णय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के गांव मुगरडींह में गुरुवार को अपना दल कमेरावादी पार्टी का निकाय चुनाव को लेकर एक बैठक जिला अध्यक्ष रामचंद्र पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुंगराबादशाहपुर नगर निकाय का चुनाव को पूरे दमखम के साथ लड़ने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव महेंद्र राजभर ने कहा कि इस नगर निकाय चुनाव को दमदारी के साथ लड़ा जाएगा। इसमें जुझारू व कर्मठशील कार्यकर्त्ता को प्रत्याशी बनाया जाएगा जिला अध्यक्ष रामचंद्र पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी भ्रस्टाचार के खिलाफ व विकास के नाम पर चुनाव लड़ेंगी।जिताऊ व टिकाऊ प्रत्याशी को उतारा जाएगा। मुख्य रूप से राय अखिलेश सिंह, राम चंद्र कनौजिया,इन्द्रबहादुर पटेल, सुभाष पटेल,बद्रीप्रसाद, अयोध्या प्रसाद, बसंती मौर्या आदि मौजूद रहे।

## सब्जी विक्रेता की निर्मम हत्या : झाड़ी में मिली लाश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शाहपुर इलाके में किराए के रूम में रहने वाले 27 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई उसका शव गुलरिहा इलाके के शिवपुर सहबाजगंज में एक खाली प्लाट की झाड़ी में बुधवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया है बहन के अनुसार शनिवार को वह सब्जी लेने जाने की बात उससे फोन पर कहा था लेकिन तभी से लापता हो गया. पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के मुताबिक अयोध्या जिला के सिकंदरपुर निवासी 27 वर्षीय रवि गुप्ता गुलरिहा इलाके के शिवपुर शहबाजगंज में किराए पर रहता था वह यंहा रहकर मिलन चौराहे के पास सब्जी की दुकान लगाता था रवि की बहन नंदनी की ससुराल भी गोरखपुर के शाहपुर के जंगल सालिक राम कलेक्ट्री में है बहन ने शनिवार को फोन किया तो रवि ने बताया कि वह सब्जी लेने जा रहा है तभी से उसका मोबाइल बन्द हो गया उधर उसके माता पिता भी तलाश करते अयोध्या से गोरखपुर अपनी बेटी के पास आ गए थे बुधवार की सुबह कुछ कबाड़ बिनने वालो ने युवक का शव



देखा. शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था कान के रास्ते खून निकला था और युवक झड़ी में घुटने पर बैठ कर झुकने के मुद्रा में था सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसकी पहचान रवि के रूप में हुई। युवक की शादी नही हुई थी वह दो बहन तीन भाइयों में चौथे नंबर का था हालांकि, पुलिस मामले में अभी कुछ नही बोल रही उसका कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही सही जानकारी हो पाएगी उधर परिजन भी किसी से दुश्मनी होने से इंकार कर रहे है।

## पंचायत राज मंत्रालय के सतत विकास लक्ष्यों हेतु 09 थीमों पर प्रशिक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विकास खंड अहिरोरी के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद यादव, राम मदन दुबे , सौरभ गुप्ता, पंकज त्रिवेदी अभिषेक पाठक मास्टर ट्रेनर एवं भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अहिरोरी, बृजेश कुमार मिश्र द्वारा उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों हेतु ०६ थीमों पर आधारित कार्यों एवं उनसे संबंधित गतिविधियों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यह जानकारी दी गई 1.. गरीबी मुक्त गांव2.. स्वस्थ गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल ग्राम, स्वच्छ और हरित ग्राम, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाले गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला hitashi गांव के बारे में जानकारी दी गई, क्षेत्र पंचायत




सदस्यों को अपने क्षेत्र से संबंधित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना की बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहना चाहिए जिससे ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले कार्यो की उन्हें भी जानकारी हो सके।

## एस0 के0 डी0 डिग्री कालेज में नव प्रवेशित छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0के0डी0 डिग्री कालेज के बी0एड0, बी.काम, बी.एस.सी., बी.एफ.ए. के नव प्रवेशित छात्रों के लिए सीनियर छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर एवं जूनियर छात्रों ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एस0के0डी ग्रुप के निदेषक श्री मनीष सिंह जी ने द्वीप प्रज्जवलित कर एवं गणेश वन्दना के साथ किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती निशा सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर कुसुम बत्रा एवं डा0 नवीन कुलश्रेष्ठ एवं वाइस प्रिन्सिपल श्रीमती अर्चना सिंह जी ने सभी छात्रों को शुभाशिर्वाद दिया। एस0के0डी ग्रुप के निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने सभी छात्रों का प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हमें तीव्रता के साथ अपने भविष्य की तरफ बढना है और कालेज में जाब/प्लेसमेंट के कार्य को तेजी से आगे बढाना है, जिससे वर्तमान



सत्र 2022 में पास हो रहे छात्रों का उनके डिग्री के साथ कम से कम एक या दो नौकरी होनी चाहिए इस सर्दभ में जोर देते हुए नामी कम्पनियों को आमन्त्रित कर यथाशीध्र जाब फेयर का आयोजन किया जाऐगा। कार्यक्रम के अन्त में कालेज के कुलसचिव ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद किया।

## विधानमंडल सत्र के बाद जारी होगी निकाय चुनाव की अधिसूचना : 8 जनवरी से पहले हो सकते हैं चुनाव

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव के लिए जारी होने वाली अधिसूचना अभी और टल सकती है। विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आयोजन पांच दिसंबर से होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि इस सत्र के बाद ही निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। प्रदेश में 763 नगरीय निकाय संस्थाओं के चुनाव दिसंबर में प्रस्तावित है। राज्य निर्वाचन आयोग को 8 जनवरी से पहले चुनाव करवाने हैं। आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण 18 नवंबर को पूरा कर लिया। अब नगर विकास विभाग तेजी से आरक्षण निर्धारित करने की कार्यवाही कर रहा है। इससे माना जा रहा था कि नवंबर के अंतिम सप्ताह तक निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। सरकार पांच दिसंबर से होने वाले दिवसीय शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसमें कुछ नई योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। यदि उससे पहले निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी की गई तो उनका सीधा असर निकाय चुनाव की आचार संहिता पर पड़ेगा। ऐसे में निकाय चुनाव की अधिसूचना शीतकालीन सत्र के बाद ही जारी होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में शहरी निकायों में चुनाव के परिणाम एक दिसंबर को घोषित हुए थे जबकि



अधिसूचना अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में जारी की गई थी। उधर शहरी निकायों में वार्डों का आरक्षण तय करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। शासन से मिली जानकारी के मुताबिक फिलहाल 62 जिलों में ओबीसी आबादी की गणना और वार्डों के आरक्षण के प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं। इनमें जो कमियां हैं, उन्हें निकायों के अधिकारियों को बुलाकर दुरुस्त करवाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अगले दो–तीन दिनों में सभी जिलों से शहरी निकायों में वार्डों के आरक्षण संबंधी प्रस्ताव शासन को मिल जाएंगे। इसके बाद नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषदों में चेयरमैन और नगर निगमों में मेयर तय करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पहले इन आरक्षणों को नवंबर के तीसरे सप्ताह में जारी करने की उम्मीद थी, अब इसे भी कुछ और समय के लिए टाला जा सकता है।

# राष्ट्र निर्माण में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ का सदैव से रहा है विशेष योगदान – मुख्य विकास अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवम्बर 2022 का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा व सम्मानित मीडिया बन्धुओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस (16 नवम्बर, 2022) का मुख्य विषय ''राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका'' रहा। जिलाधिकारी ने मीडिया बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों का आम जनमानस तक पहुंचाने में जितना योगदान प्रशासन का है उससे कहीं ज्यादा योगदान मीडिया बन्धुओं का है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी को आंदोलन का रूप देने में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान था। मीडिया समाज का आईना होता है जो कि सकारात्मक एवं नकारात्मक बातों को लोगों के सामने रखता है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए चौथे स्तम्भ को और मजबूती मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सब के द्वारा मेरे संज्ञान में लाये गये विषयों का समाधान किया जायेगा। आप सब समय–समय पर विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर हमें अवगत कराते रहें, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी सम्मानित मीडिया बन्धुओं का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' मीडिया बन्धुओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और




दायित्वपूर्ण प्रेस की मौजूदगी का एहसास दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद 16 नवम्बर 1966 से विधिवत कार्य प्रारम्भ करना प्रारम्भ किया। इसी दिन को 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। समस्त सम्मानित पत्रकार बन्धुओं द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ''राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका'' विषय पर अपने–अपने संक्षिप्त व सारगर्भित विचार अभिव्यक्त किये गये। सभी पत्रकार बन्धुओं ने उन्होंने कहा कि चाहे स्वतंत्रता संघर्ष का समय रहा हो या अभी हाल में कोरोना महामारी का समय रहा हो सब में मीडिया की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका सदैव रही है। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान प्रत्येक माह एक प्रेस कान्फ्रेंस किये जाने की अपेक्षा प्रशासन से की। इसी क्रम मे पत्रकार शशि मोहन ''क्षेम'', विजय प्रकार मिश्रा, रामश्रृगार शुक्ल ''गदेला'' ने सम्मानित मीडिया बन्धुओं द्वारा अपने–अपने संक्षिप्त व सारगर्भित विचार अभिव्यक्त किये गये। कार्यक्रम का समापन जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह द्वारा सभी पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने मीडिया बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सब के द्वारा समय–समय पर सम्बन्धित सुझाए गये मुद्दों से और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सम्मानित मीडिया बन्धुओं, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य अस्पताल भवन, शैक्षणिक भवन, लैब का निरीक्षण किया गया। कॉलेज में द्वितीय वर्ष के 77 छात्रों का एडमिशन हो चुका है। हॉस्टल के निरीक्षण



के दौरान पाया कि हॉस्टल लगभग बनकर तैयार है और अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कर लेने के लिए निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य अपेक्षा के अनुरूप धीमी गति से चल रहा था जिसके लिए प्रमुख सचिव को अवगत करा दिया गया है और कार्यदायी संस्था टाटा कंपनी एवं राजकीय निर्माण निगम के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डेढ़ महीने में अवशेष कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम सई तेजा सहित अन्य कार्यदाई संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदक अपनें अपूर्ण अभिलेखों को करें पूरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2022–23 में ऑनलाइन वेबसाइट पर किये गये आवेदनों में कई अपूर्ण है, आवेदक इन्हें पूर्ण करें, ताकि उन्हें योजना का लाभ देने हेतु चयन किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ दस्तावेज जैसे फोटो, हस्ताक्षर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पट्टा, शपथपत्र तथा वाहन हेतु आवेदित आवेदको द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस व अनुसूचित जाति जनजाति के आवेदक जाति प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किये है, उनके आवेदन पत्र उक्त कमी के कारण वापस किये जा रहें हैं। ऐसे लोगों को मोबाइल फोन से भी सूचना दी जा रही है, कि तीन दिवस के अन्दर अपने आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर अपूर्ण अभिलेख पूर्ण करें, अन्यथा की दशा में आवेदन पत्र को चयन हेतु प्रस्तावित किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। इसके अतिरिक्त 20 लाख से अधिक की परियोजनाओं के लाभार्थी लाभार्थी अंश का कम से कम 25 प्रतिशत बैंक ऋण हेतु बैंक का सहमति पत्र तथा 50 लाख या उससे अधिक की परियोजनाओं हेतु कम से कम 3 वर्ष का मत्स्य पालन क्षेत्र का अनुभव प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करें, अन्यथा की दशा में आपका आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

# थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के आपराधिक कार्य की रोकथाम एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण,दिशा निर्देशन में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा आज दिनांक 17.11.2022 को पूर्वाह्न 10.15 बजे कुकुहाँ मोड के पास से एक अवैध देशी तमन्चा .303 बोर व 01 कारतूस .303 बोर के साथ एक अभियुक्त इरशाद अहमद पुत्र मुबारक अली निवासी पचेवरा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 197/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम इरशाद अहमद उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. इरशाद अहमद पुत्र मुबारक अली निवासी पचेवरा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर बरामदगी– 1. एक अवैध तमन्चा .303 बोर व 01 जिन्दा कारतूस गिरफ्तारी टीम 1.




उ0नि0 विक्रम लक्ष्मण सिंह थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जौनपुर 2.उ0नि0 रामजी सैनी थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 3.का0 काशीनाथ यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर 4.का0 रविन्द्र कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

# थाना सरपतहां पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष सरपतहाँ श्री संजय कुमार सिंह के



निर्देशन में आज दिनांक 16.11.2022 को सरपतहाँ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 252/22 धारा 323/504/506/354/147/308 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. सत्यम यादव पुत्र अशोक यादव निवासी रूधौली थाना सरपतहाँ जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष 2. शिवम यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी रूधौली थाना सरपतहां जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.सत्यम यादव पुत्र अशोक यादव निवासी रूधौली थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2. शिवम यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी रूधौली थाना सरपतहां जौनपुर। अभियोग का विवरण– 1.मु0अ0सं0 252/22 धारा 323/504/506/354/147/308 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री धुरेन्धर प्रसाद थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 राघवेन्द्र राय, हे0का0 लक्ष्मण सिंह, का0 अरुण मौर्या थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।

# थाना लाइन बाजार पुलिस ने धारा 60 आबकारी एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार आर्य थाना लाइनबाजार जौनपुर के मार्गदर्शन में, उ0नि0 गिरीश मिश्रा मय हमराह कोबरा 06 के कर्मचारीण का0 नितेश कुमार व का0 आलोक कुमार के न्यायालय स्पेशल मजिस्ट्रेट प्रथम जौनपुर मुकदमा नं0 127/19 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना लाइन बाजार जनपद का बिना जमानती वारंट लेकर ग्राम शेखपुर पहुंचा तो वारंटी दुर्गेश कुमार गुप्ता पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी शेखपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर शेखपुर तिराहे पर मौजूद मिला । जिसे न्यायालय व वारंट के सम्बन्ध



में अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। वारण्टी उपरोक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.दुर्गेश कुमार गुप्ता पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी शेखपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 गिरीश मिश्रा, चौकी प्रभारी सिविल लाइन्स थाना लाइनबाजार, जौनपुर। 2.का0 नितेश कुमार, का0 आलोक कुमार, थाना– लाइन बाजार, जौनपुर।

# जिलाधिकारी द्वारा जिला पुरुष अस्पताल का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला पुरुष अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली



और सीएमएस अभिमन्यु कुमार को निर्देशित किया कि मरीजों का अच्छे से इलाज किया जाए। डेंगू वार्ड में 16 मरीज भर्ती हैं जिनका स्वास्थ्य अच्छा है। फीवर हेल्प डेस्क पर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि बुखार के मरीजों में अब कमी आ रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में बाहर की दवा न लिखी जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट : एक पक्ष ने मड़हा जलाने का लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के कमरुद्दीनपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने– सामने हो गए। देखते ही देखते उनमें जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने अपना मड़हा दूसरे पक्ष के द्वारा जलाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जफराबाद थाना क्षेत्र के कमरुद्दीनपुर गांव के बेचू यादव एवं सेचू यादव, तेज बहादुर के बीच पुराना भूमि विवाद चल रहा था। बुधवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे शुरू हुई कहा सुनी देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से सेचू यादव (55) व तेज बहादुर (65) तथा दूसरे पक्ष से सोनू यादव (22) घायल हो गए। सूचना पर जफराबाद थाने के उप निरीक्षक मंशा राम व धनंजय राय फोर्स के साथ मौके पर पहुच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। दोनों पक्षों ने जफराबाद थाने पर तहरीर दी। जिसमे एक पक्ष से तेज बहादुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका मड़हा दूसरे पक्ष के लोगो ने जला दिया। इस प्रकरण में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुचकर दोनों पक्षों को शांत करवाया। मामले की छानबीन की जा रही है। छानबीन के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# जिले की पचहत्तर उचित दर दुकानों को माडल शाप के रूप में किया जाएगा विकसित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत जिले की 75 उचित दर की दुकानों को माडल शाप के रूप में विकसित किया जाएगा! ग्राम पंचायतों में दुकानों के चिन्हीकरण के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में छ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है! टीम में खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर क्षेत्र, सहायक विकास अधिकारी पंचायत , पूर्ति निरीक्षक सदस्य तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी संयोजक होंगे! यह जानकारी खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव तथा पूर्ति निरीक्षक अजय शाहनी ने दी है! अधिकारी द्वय ने बताया कि चिन्हित उचित दर दुकानों को ऐसे स्थान पर व्यवस्थित किया जाना है जहाँ खाद्यान्न पहुंचने में कोई कठिनाई न हो तथा जनता बिना भेद भाव तथा बाधा के पहुंच सके! शासन की मंशा के मुताबिक राशन विक्रेता के आर्थिक संसाधन अत्यंत सीमित हैं ! ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाएं तथा शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत अपनी श्रोतों से राशन की दुकानों का निर्माण कराएगी! जिनमें खाद्यान्न की रखरखाव तथा लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा छेत्र होंगे! इन दुकानों का क्षेत्रफल कम से कम 225 वर्ग फीट होगा जिससे राशन का खाद्यान्न उचित प्रकार से रखा जा सके और निरीक्षण के समय बोरों को आसानी से गिना जा सके! इन दुकानों में पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश होना चाहिए दुकान के सामने 100 फीट का एक बरामदा होगा जो लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा छेत्र के रूप में उपयोग में लाया जा सके ! राशन कार्ड धारकों की चार हजार यूनिट पर एक दुकान का निर्माण किया जाएगा! यह निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में यथासंभव पंचायत भवन एवं शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक भवन के नजदीक स्थान की उपलब्धता के आधार पर स्थापित किया जाएगा ! ग्राम पंचायत के चिन्हीकरण के उपरांत दुकान का निर्माण निर्धारित मानक के अनुरूप भूमि का आवंटन तहसील स्तर से सुनिश्चित किया जाएगा ! खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन पर माडल शाप के लिए कार्यवाही प्रचलन में है!

# विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण अर्न्तगत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण की जानकारी हेतु अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के अर्न्तगत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 09.11.2022 को किया गया है। 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त अर्ह व्यक्तियों अथवा जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उन सभी मतदाताओं के नाम सम्मिलित किये जाने हेतु नियत फार्म–6, किसी नाम (मृतक/डबल/शिफटे्ड) पर आपत्ति हेतु फार्म–7 तथा स्थान परिवर्तन, किसी नाम में संशोधन अथवा जिनके पहचान पत्र खो/नष्ट हो गये है पहचान पत्र बनाये जाने हेतु फार्म–8 पर 08 दिसम्बर 2022 तक संबंधित बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर प्राप्त किये जायेगें। निर्वाचक नामावलियां जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उक्त अवधि में उपलब्ध रहेगी। उक्त अवधि के मध्य ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 20 नवम्बर 2022 को द्वितीय विशेष अभियान निर्धारित की गई हैं विशेष अभियान को समस्त बीएलओ अपने–अपने मतदेय स्थलों पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर संबंधित अर्ह व्यक्तियों से दावा/आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। नये मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक कालेजों में वोटर हेल्प डेस्क/वोटर रजिस्ट्रेसन कक्ष की स्थापना हेतु समस्त प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है। आयेग द्वारा दावा/ आपत्तियां आनलाइन (VOTER HELP LINE APP) वोटर हेल्प लाइन एप, (VOTER PORTAL) वोटर पोर्टल एवं (NATIONAL VOTER SERVICE PORTAL) एनवीएसपी के माध्यम से भी किया जा सकता है। एक पात्र नागरिक जो 2022 वर्ष में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखों अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर, में से किसी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है वह भी सूचना की तारीख से अग्रिम में, प्ररूप–6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिये दावा कर सकेगा और उस पर सम्बन्धित अर्हता तारीख के संबंध में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जायेगा। जनपद के समस्त राजकीय विभागों/अर्द्धसरकारी संस्थाओं/बैंक/पोस्ट आफिसों, औद्योगिक एवं व्यवसायिक संस्थानों/एसोशिएसन, व्यापार मण्डल, उद्योग संगठनों, तथा गैर सरकारी संगठनों से भी अनुरोध है कि अपने स्तर से उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार कराकर शुद्ध मतदाता सूची तैयार कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# ग्राम विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में कराया गया फागिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ग्राम पंचायत राईपुर में बृहस्पतिवार की दोपहर तरह–तरह की बीमारियों से बचाव के लिए ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फागिंग कराने का काम किया गया फागिंग के दौरान ग्राम विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि आप लोग हर हाल में साफ सफाई रखें जिससे डेंगू जैसी बीमारी आपके गांव में पॉव न पसार सके साथ ही ग्राम पंचायत के लोग स्वस्थ और सुरक्षित रहे। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी चन्द्रेश कुमार ने बताया भिन्न भिन्न बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फागिंग का कार्य कराया गया ताकि लोग बीमारियों से बच सकें।

# जिलाधिकारी द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त कराने हेतु अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद की 88 प्रतिशत सड़कें गड्ढा मुक्त हो गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 नवंबर 2022 तक सारी सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएं। जिलाधिकारी के द्वारा पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, जिला पंचायत, मंडी परिषद सहित अन्य सड़कों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सड़कों के नवीनीकरण कार्य की प्रगति खराब पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन सड़कों पर गड्ढामुक्त का कार्य पूर्ण हो चुका है तत्काल उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चार नामजद सहित अन्य अज्ञात पर घर में घुस कर मारने पीटने सहित बलवा का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गाँव निवासी अमरेश मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने उसी गाँव के चार लोगों पर तथा अन्य अज्ञात पर घर में घुस कर मारने पीटने, गालीगलौज देने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी है! गाँव के अमरेश मौर्य ने आरोप लगाया है कि 16 नवम्बर को गाँव के सोनू, गप्पू, ऋषिकेश, अमन तथा अन्य नाम पता अज्ञात लोग उनके घर पर चढ़ कर बाइक भिड़ाने की बात करते हुए उनके लड़के शिवम मौर्य को गालीगलौज देने लगे! जब लोगों ने इसका विरोध किया तो लाठी डंडा से शिवम् को मारने पीटने लगे! शिवम अपनी जान बचाने के लिए घर में घुसा तो लोग घर में घुस कर शिवम तथा उसकी दादी मूनका देवी को मारे पीटे! गाँव की बढ़ती भीड़ को देखते हुए लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है!

# हार्वेस्टर पर बैठा श्रमिक बिजली के तार की चपेट में आकर घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर बाईपास मार्ग पर गुजर रहा हार्वेस्टर पर बैठा श्रमिक सड़क के ऊपर से गुजरे बिजली के तार की चपेट में असावधानी बस आकर घायल हो गया। उसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। बृहस्पतिवार को सुबह लगभग साढ़े दस बजे जनपद शाहजहांपुर निवासी खेतो में कटाई करने जा रहा हार्वेस्टर पर शाहजहांपुर निवासी श्रमिक सुमित कुमार पुत्र बांके लाल 26 बैठा हुआ था। वह बाईपास मार्ग से गुजरते समय ऊपर से गुजरे बिजली के तार की चपेट में आकर घायल हो गया। हार्वेस्टर का चालक विपिन कुमार ने उसे 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड़ ले गया। करेंट के चपेट में आने से सुमित कुमार का सिर जल गया था। हालांकि उसकी हालत स्थिर है। वह खतरे से बाहर है।

# ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने समेत तीन मांगों पर आ सकता है कोर्ट का आदेश

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर हिंदुओं को सौंपने समेत तीन मांगों के प्रार्थना पत्र पर गुरुवार यानि आज आदेश आ सकता है। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद सुनवाई योग्य है या नहीं पर आदेश आना है। इस मामले में बीते 15 अक्तूबर को ही अदालत में दोनों पक्षो की दलीलें पूरी हो गई थीं। तभी से आदेश में पत्रावली लंबित है। इससे पहले इस वाद पर 8 नवंबर को ही आदेश आना था। मगर, कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण 14 नवंबर की तिथि तय कर दी गई थी। अब मामले की सुनवाई अब 17 नवंबर को होगी। क्या हैं वो तीन मांगें इस प्रकरण में वादिनी किरन सिंह की तरफ से मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर हिंदुओं को सौंपने और शिवलिंग की पूजा पाठ राग भोग की अनुमति मांगी गई थी। अदालत में दोनों पक्ष अपनी बहस पूरी कर उसकी लिखित प्रति दाखिल कर चुके हैं। 'ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का' वादिनी किरन सिंह के अधिवक्ताओं ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठाई गई है, वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था इसलिए हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। यह भी दलील दी कि विशेष धर्म स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद। जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिन्दू पक्ष पर लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अन्जुमन की तरफ से पोषणीयता के



बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीलें रखी थी कि राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिये यह वाद दाखिल किया गया है। भगवान की प्रॉपर्टी है, तब माइनर मानते हुए वाद मित्र के जरिये क्लेम किया जा सकता है। स्वीकृति से मालिकाना हक हासिल नहीं होता है। यह बताना पड़ेगा कि संपत्ति कहां से और कैसे मिली। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया। मुस्लिम पक्ष की दलील वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है। वहीं दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं। यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है वही लिखा जाएगा। साथ ही कानूनी नजीरे दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाए।

# 14 घंटे तक तमाशा बनी रही लाश : प्रयागराज और कौशांबी पुलिस ने कीं संवेदनहीनता की सारी हदें पार

कौशांबी ब्यूरो : एक शव के साथ पहले प्रयागराज फिर कौशाम्बी पुलिस ने संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दी। प्रयागराज के एक आश्रम में संदिग्धा हालत में हुए युवक के शव को वहां की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए कौशाम्बी भेज दिया। यहां पुलिस ने घटना प्रयागराज में होने की बात कहकर फिर शव वापस कराया। नतीजतन, मृतक के घरवाले 14 घंटे तक महज पोस्टमार्टम कराने के लिए यहां–वहां भटकते रहे। करारी कोतवाली के लेदहरा पर मजरा पारा हसनपुर निवासी राहुल उर्फ मानसिंह (35) राजगीर का काम करता था। छह नवंबर को वह प्रयागराज में किसी के यहां भवन निर्माण करने गया था। परिजनों के मुताबिक मानसिंह प्रयागराज के करैली कोतवाली के करैलाबाद स्थित एक आश्रम में रहता था। बुधवार सुबह घरवालों को पता चला कि राहुल कमरे में मृत पड़ा है। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालें वहां पहुंचे तो देखा कि राहुल की संदिग्ध हालत में मौत हुई थी। परिजनों ने मामले की सूचना करैली कोतवाली पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए घंटों पंचायत के बाद करारी कोतवाली भेजा। परिवार के लोग शव लेकर करारी कोतवाली पहुंचे तो यहां भी उनकी नहीं सुनी गई। बताया गया कि घटना प्रयागराज में हुई है। वहीं की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी। करारी थानाध्यक्ष सीबी मौर्या ने करारी इंस्पेक्टर से फोन पर बात की तो उन्होंने शाम सात बजे शव




को प्रयागराज भिजवाने के लिए कहा। इसके बाद भी घरवाले शव लेकर प्रयागराज चले गए हैं। इनका कहना है घटना प्रयागराज में हुई थी। अगर जिले से शव का पोस्टमार्टम कराया जाता तो मामले की विवेचना यहां की पुलिस को करना पड़ता। नजरी नक्शा आदि बनाने में भी तमाम तरह की दिक्कत होती। इस वजह से शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए करैली पुलिस से संपर्क कर वहां भेजा गया है। – सीबी मौर्य, थानाध्यक्ष करारी घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची थी। परिवार के लोग मौत को संदिग्धा बताते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए अपनी मर्जी से करारी कोतवाली ले गए थे। करारी पुलिस से संपर्क के बाद शव को फिर से मंगवाया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा और मामले में अन्य भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। – रामआसरे यादव, इंस्पेक्टर करैली

# विश्व प्रसिद्ध जैन संत आचार्य सुनील सागर महाराज का होगा दिल्ली आगमन

नई दिल्ली पत्रकार विवेक जैन। विश्व के प्रसिद्ध जैन संतो में शुमार तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर जी महाराज फफोतू वालो के परम शिष्य वर्तमान पट्टाचार्य, प्रकृताचार्य आचार्य भगवंत श्री 108 सुनील सागर जी महाराज द्वारा भरत स्थली दिल्ली विहार की स्वीकृति मिलने से जैन समाज में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। प्रसिद्ध जैन संत व तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मतिसागर जी महाराज फफोतू वालो की परम शिष्या व श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पदमावती धाम खेकड़ा जनपद बागपत की संचालिका गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी ने महाराजश्री के दिल्ली आगमन की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त की। भरत स्थली कनॉट प्लेस दिल्ली के अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि महाराज श्री ससंघ (57 पिच्छी) जयपुर में विराजमान है। भरत स्थली कनॉट प्लेस दिल्ली, तिजारा जी, श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पदमावती धाम खेकड़ा जनपद बागपत व शिकोहपुर के जैन समाज के लोगों ने मिलकर गुरूदेव के चरणों में श्रीफल भेंट किया और महाराजश्री से ससंघ दिल्ली एनसीआर में विहार के लिए निवेदन किया। बताया कि महाराजश्री ने दिल्ली विहार की हमारी प्रार्थना को स्वीकार कर लिया है और जल्द ही दिल्ली की धरती पर महाराजश्री का ससंघ मंगल आगमन होगा। श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पदमावती धाम खेकड़ा जनपद बागपत के अध्यक्ष शिखरचन्द रिच्छाराम जैन ने बताया कि



धाम समिति के सदस्यों ने महाराज श्री को श्रीफल भेंट किया गया और धाम में पंचकल्याणक की तैयारियों के बारे में महाराजश्री को अवगत कराया और पंचकल्याणक की स्वीकृति के लिए ससंघ खेकड़ा आने का निवेदन किया। इस अवसर पर भरत स्थली कनॉट प्लेस दिल्ली के अध्यक्ष अतुल जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, महामंत्री राकेश जैन, अंकुर जैन, अंकित जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पदमावती धाम खेकड़ा जनपद बागपत के अध्यक्ष शिखरचन्द रिच्छाराम जैन, उपाध्यक्ष जिनेश्वर दयाल जैन, संघपति प्रवीण जैन दिल्ली, मुख्य संयोजक सुनील जैन बिहारीपुर दिल्ली, संयोजक लाजपतराय जैन कैलाशनगर, महामंत्री अंकुश जैन, राहुल जैन खेकड़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# फरियादी को त्वरित न्याय पहुंचाना नवागत सीओ मिल्कीपुर आशीष निगम की प्रथम प्राथमिकता

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : फरियादियों को त्वरित न्याय पहुंचाना व अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाना नवागत सीओ मिल्कीपुर आशीष निगम की प्रमुख प्राथमिकता है।इसके अलावा क्षेत्र में रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर तुरंत उसका समाधान करना और शासन के प्राथमिकता पर खरा उतरना सीओ मिल्कीपुर निगम की प्रथम प्राथमिकता है।उनका मानना है न्यायालय तो दूर थाने पर भी किसी फरियादी को अपनी समस्याओ को लेकर नहीं आना पड़े इसके लिए उन्होंने अपने अधीनस्थ थाना इनायत नगर, कुमारगंज व खंडासा थाना प्रभारियों व संबंधित चौकी प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि वे क्षेत्र में ही रह कर सम जहां तक संभव हो उनके समस्याओं का निराकरण निराकरण कर दें।क्योंकि जब फरियादी उसमें खासकर जब महिला व बुजुर्ग के साथ साथ दिव्यांग फरियादी थानों व जिले में अदालत का चक्कर काटते हैं तो उनके ऊपर आर्थिक मानसिक व शारीरिक तीनों दबाव पड़ता है।जिसके चलते इन फरियादियों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।सीओ मिल्कीपुर श्री निगम ने बताया कि उनकी प्रमुख प्राथमिकता अधिक से अधिक फरियादियों की त्वरित समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का है जिसके लिए वे बीच–बीच में अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर आपसी तालमेल बनाएंगे और उनका यही प्रयास रहेगा की सभी परियों का



समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द हो मालूम हो कि नवागत सीओ मिल्कीपुर गैर जनपद से आए हैं और उनकी प्रथम तैनाती है उन्होंने अराजक तत्व व अपराधियों को सख्त चेतावनी भरे लहजे में कहां की या तो वे अपराध छोड़ दें या फिर हमारे क्षेत्र को छोड़ दें नहीं तो अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों में पाया गया तो पुलिस उसके साथ सख्त से सख्त कार्यवाही करेगी चाहे वह क्यों ना कितना बड़ा रसूखदार हो उन्होंने बताया कि सभी फरियादियों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा दिन–रात खुले रहेंगे।

# रौनक चौरसिया बनकर महमूद ने किया युवती का शोषण : पिटाई के बाद बाल काटकर भगा दिया

लखनऊ ब्यूरो : आलमबाग इलाके में रहने वाले महमूद खान ने खुद को रौनक चौरसिया बताकर हिंदू युवती का दो साल तक शोषण किया। इस दौरान अश्लील वीडियो बना लिया। जानकारी पर पीड़िता ने विरोध किया तो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन करवा दिया। पिटाई के बाद बाल काटकर भगा दिया। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक आलमबाग शिवशंकर महादेवन के अनुसार, बहराइच के रिसिया गुदनी बसाई का महमूद खान मानकनगर में रहकर कई सालों से प्राइवेट नौकरी कर रहा था। पीड़िता ने बताया कि महमूद खान ने खुद का परिचय रौनक चौरिसया के रूप में दिया था। प्रेम जाल में फंसाकर उसका शोषण किया और अश्लील वीडियो बना लिया। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो साल तक शोषण किया। इसके बाद जबरन धर्म परिवर्तित कराया और निकाह किया। इसके बाद



प्रताड़ित करने लगा। बीते दिनों बाल काट दिए और मारपीट कर भगा दिया।

# लविवि के सामनें छात्रा से छेड़छाड़

– लविवि के नवीन कैंपस के बाहर छात्रा से छेड़छाड़ लविवि के नवीन कैंपस के बाहर शाम को एक छात्रा से दो लड़कों ने छेड़खानी की। छात्रा के अनुसार, जैसे वह मुख्य गेट के बाहर निकली एक दुपहिया वाहन पर बैठे दो लड़के आए और एक ने छेड़खानी की। छात्रा ने उनकी फोटो भी खींच ली है। बताया जा रहा है कि उसमें से एक छात्र लविवि का पूर्व छात्र था। इसके बाद छात्रा ने चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी से लिखित में शिकायत की। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि शिकायत पत्र को जानकीपुरम विस्तार थाने में भेज दिया है। साथ ही विवि की आंतरिक शिकायत कमेटी में भी छात्रा की शिकायत को भेज दिया है। कमेटी इसकी जांच करेगी।

# वृहद रोजगार मेलें में 305 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विकास खण्ड परिसर सोहावल अयोध्या में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या, मॉडल कॅरियर सेन्टर, राजकीय आई०टी०आई०. एवं कौशल विकाश मिशन, श्रम विभाग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक, बीकापुर डा0 अमित सिंह चौहान द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विधायक द्वारा वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियों का निरीक्षण किया गया।मुख्य अतिथि ने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए यह बहुत सुनहरा अवसर है, इसका लाभ उठाये। इस मेले में 545 युवाओं एवं युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी पदों पर क्षेत्र की 08 प्रतिष्ठित कम्पनियों के एच0आर0 द्वारा 305 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले के अवसर पर संयुक्त निदेशक, आई0टी0आई0 ऋषि कान्त मिश्रा, सहायक निदेशक, सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण एवं राजकीय आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य बिनोद कुमार वाजपेयी द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त करते हुये प्रतिभागी अभ्यर्थियों का उत्साह वर्धन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर वर्ग महिला पुरूष प्रतियोगिताओं का किया जा रहा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार वर्ष 2022–23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर वर्ग महिला/पुरूष की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वाराणसी मण्डल की टीम प्रतिभाग करेगी। खेल निदेशालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में मण्डल से सम्बन्धित जनपद के खिलाड़ी सीधे मण्डल स्तर पर आयोजित चयन परीक्षण में प्रतिभाग करेंगे। वाराणसी मण्डल के हॉकी–पुरूष का चयन परीक्षण 20 नवम्बर, वॉलीबाल–पुरूष, फुटबाल–महिला, जिम्नास्टिक महिला/पुरूष व बैडमिन्टन महिला/पुरूष 23 नवम्बर, टी0टी0–पुरूष/महिला 24 नवम्बर, फुटबाल–पुरूष 28 नवम्बर, वॉलीबाल–महिला–01 दिसम्बर, कबड्डी पुरूष–02 दिसम्बर, एथलेटिक्स पुरूष/महिला, कबड्डी–महिला– 05 दिसम्बर, हॉकी–महिला–06 दिसम्बर, हैण्डबाल–पुरूष–08 दिसम्बर, जूडो–पुरूष/महिला–10 दिसम्बर, क्रिकेट–पुरूष–11 दिसम्बर, हैण्डबाल–महिला–12 दिसम्बर, बाक्सिंग–पुरूष–16 दिसम्बर व बास्केटबाल–पुरूष–17 दिसम्बर, 2022 क्षेत्रीय खेल कार्यालय, डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम वाराणसी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। जनपद के इच्छुक प्रतिभागी सीधे मण्डलीय चयन परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, जौनपुर या क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी में सम्पर्क कर सकते हैं।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत : सड़क पर खून से लथपथ पड़ा मिला शव

लखनऊ ब्यूरा : राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर के आम्रपाली मार्केट हिंद पैलेस के सामने बृहस्पतिवार सुबह हरीश दीक्षित (30) का शव पड़ा मिला। इलाके में शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक के सिर मे चोट है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह सामने आएगी। प्रभारी निरीक्षक गाजीपुर मनोज मिश्र के मुताबिक हरीश इंदिरानगर के बस्तौली गांव का रहने वाला था। सुबह सफाईकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने आशंका जाहिर की है कि युवक की ईंट से कूंचकर हत्या की गई है। हालांकि पुलिस इस बात से इनकार कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक नशे का आदी था। कल देर रात से घर नहीं गया। उसकी शादी नहीं हुई है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच डोगरा रेजीमेंट सेंटर में अग्नि वीरो की भर्ती शुरु

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अग्नि वीरों की भर्ती आज बुधवार से डोगरा रेजीमेंट सेंटर मेंध शुरु हो गई।इस दौरान वहां पर अग्नि वीर मेला की भर्ती में भाग लेने आने वाले सैकड़ों की तादाद में अभ्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को किसी भी तरह की कोई समस्या ना उत्पन्न हो इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहे थे। जिसके चलते आलम यह रहा कि कोतवाली नगर क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की पैनी निगाहें टिकी रही।वही हाल कैंट थाना क्षेत्र में भी रही।वहां पर मिलेट्री व अन्य जवान गुप्तारघाट सहित अन्य प्रमुख चौराहों, पार्कों व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों व स्थानों पर मुस्तैद दिखे।मालूम हो कि इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर कोतवाली नगर व कैंट क्षेत्र में पड़ने वाले जहां एक ओर पार्कों होटलों छोटे–मोटे दुकानदारों के सामने, उन स्थानों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। जिसके चलते भर्ती मेले में आने वाले अभ्यार्थी किसी भी तरह का उपद्रव ना मचा सकें जिसके लिए यहां पर इन जगहों पर पुलिस कर्मी सादे वर्दी व सिविल वर्दी में तैनात पुरुष व महिला पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे थे।वही यह हालात कैंट क्षेत्र में भी रहा जिसके चलते यातायात विभाग ने शहर में रूट डायवर्जन कर दिया था। अग्निवीर मेला भर्ती के दौरान किसी आम नागरिकों को भी किसी तरीके की समस्या ना उत्पन्न हो इसके लिये शहर के रोडवेज स्टेशन रेलवे स्टेशन होटल पार्क अन्य प्रमुख चौराहों सहित ऐसी जगह जहां पर अग्नि वीर में भाग लेने आने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो तो वहां पर भारी संख्या में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती दिखी।जहां पर इंस्पेक्टर रैंक के थाना अध्यक्ष दरोगा हेड कांस्टेबल पुलिस महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। मालूम हो कि अग्निवीर सैनिकों की भर्ती आज मंगलवार से 16 नवंबर से 5 दिसंबर तक भर्ती चल रही है।जिसमें तय तारीख के मुताबिक 13 जिलों के अग्निवीरों की भर्तीध हो रही है। वही सहादतगंज से हनुमान गढ़ी से कैंट एरिया में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।वही अयोध्या पुलिस ने 35 ड्यूटी पॉइंट बनाया है। जिसमें 2 जोन,3 सेक्टरध बनायी गई है।इन सभी ड्यूटी पॉइंट पर पुलिस पीएसी तैनात, रेलवे स्टेशन बस स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, नियावां जमथरा घाट से इंट्री होगी इस रैली में अयोध्या,प्रयागराज, कुशीनगर, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर,अमेठी,बस्ती,कौशांबी, रायबरेली, प्रतापगढ़, महाराजगंज,संत कबीर नगर,सिद्धार्थ नगर के निवासियों की भर्ती होगी।

# विजन डॉक्यूमेंट –2047 के तहत कराये गये कार्यों की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने के सम्बंध में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने अयोध्या विजन डाक्यूमेंट 2047 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की आयुक्त सभागार में समीक्षा किया।इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि पंचकोसी एवं 14 कोसी परिक्रमा अयोध्या का महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें पंचकोसी के आबादी में 16 मीटर तथा 14 कोसी के मार्ग को 20 मीटर सम्बंधी डीपीआर के अनुसार कार्यवाही किया जाय तथा नगर निगम सामान्य जनसुविधाओं के विकास के लिए इन मार्गो पर निर्धारित चौड़ीकरण के आधार पर ही कार्यवाही करें। साथ ही साथ अयोध्या बसखारी मार्ग, दर्शननगर भरतकुण्ड मार्ग, सुल्तानपुर राष्ट्रीय मार्ग आदि मार्गो पर जो पेड़ आदि की कटाई हो रही है, उसमें तेजी से कार्य किया जाय तथा वन निगम से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नही था जिस पर उन्होंने वन निगम के एमडी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मार्ग में आने वाले काश्तकारों के बैनामा की कार्यवाही तेजी से करायी जाय इसके लिए लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी या सम्बंधित कार्यदायी विभाग के अधिकारी व्यापक प्रचार प्रसार तथा पोर्टल तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करें जिससे कि काश्तकारों को कोई समस्या का सामना न करना पड़े और सुगमता से अपनी भूमि की रजिस्ट्री करवा सकें। श्रम विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण सही गुणवत्ता तथा शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राम पथ मार्ग के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया में तेजी लायी जाय। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव एवं परियोजना निदेशक ने पिछली बैठक की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अन्य अपर जिलाधिकारी प्रभाकांत अवस्थी, अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के मुख्य/अधिशाषी अभियन्ता गण, उप निदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी धीरेन्द्र यादव सहित एयरपोर्ट अर्थारिटी, पीडब्लूडी, नगर निगम, राजस्व, जलनिगम, सिंचाई, विद्युत आदि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।